भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2235**

उत्तर देने की तारीख 09 दिसंबर, 2024
18 अग्रहायण, 1946 (शक)

**राष्ट्रीय खेल विकास कोष**

**†2235 श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी :**
**श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राष्ट्रीय खेल विकास कोष और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पेंशन योजना की राज्य-वार विशेषकर झारखंड और बिहार में जिला-वार कितनी प्रगति हुई है;

(ख) उक्त निधि के अंतर्गत उक्त राज्यों को शीर्ष-वार और जिला-वार कितनी धनराशि स्वीकृत और आवंटित की गई है; और

(ग) उक्त राज्यों में उक्त योजना के अंतर्गत वर्ष-वार और जिला-वार कितने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पेंशन प्रदान की गई और पेंशन के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुए और कितने आवेदनों को अनुमोदित किया गया?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ग): राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) स्कीम के अंतर्गत कार्य की प्रगति का विवरण अनुबंध I में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, सरकार उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए वार्षिकी के माध्यम से निश्चित मासिक आय प्रदान करने के उद्देश्य से मेधावी खिलाड़ियों के लिए पेंशन स्कीम कार्यान्वित कर रही है। मौजूदा स्कीम के अंतर्गत पूर्व खिलाड़ियों को 12,000/- रू. से 20,000/- रू. की मासिक पेंशन प्रदान की जाती है। वर्तमान में इस स्कीम के अंतर्गत 879 पूर्व खिलाड़ी लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस विभाग में राज्य-वार सूची नहीं रखी जाती है।

(ख) राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत कोई भी राज्य-वार निधि जारी नहीं की गई है।

*****

**अनुबंध-I**

**''राष्ट्रीय खेल विकास कोष'' के संबंध में श्रीमती विजयलक्ष्मी देवी और श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी, माननीय संसद सदस्यों द्वारा दिनांक 09.12.2024 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2235 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।**

| क्र. सं. | संगठन | संगठन पंजीकरण राज्य | उद्देश्य | अवसंरचना | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैरी कॉम क्षेत्रीय मुक्केबाजी फाउंडेशन, | इम्फाल, मणिपुर | आउटडोर बॉक्सिंग हॉल और जिम्नेजियम हॉल का निर्माण; जिम उपकरणों की खरीद/इंस्टोलेशन | अवसंरचना | पूर्ण |
| 2 | पुल्लेला गोपीचंद बैडमिंटन फाउंडेशन, | हैदराबाद, तेलंगाना | बैडमिंटन के लिए फाउंडेशन में अतिरिक्त सुविधाओं का निर्माण | अवसंरचना | पूर्ण |
| 3 | उषा स्कूल ऑफ एथलेटिक्स (साई के माध्यम से) | कोझिकोड, केरल | सहायक सुविधाओं के साथ अंतर्राष्ट्रीय मानक के 8 लेन सिंथेटिक ट्रैक की खरीद/बिछाना | अवसंरचना | पूर्ण |
| 4 | अश्विनी स्पोर्ट्स फाउंडेशन | दक्षिण कोडुगे, कर्नाटक | अंतरराष्ट्रीय मानक के 400 मीटर 8 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण | अवसंरचना | पूर्ण |
| 5 | अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट | मोहाली, पंजाब | बैंगलोर में खेल विज्ञान केंद्र के लिए उपकरणों की खरीद और इंस्टोलेशन | उपकरण | पूर्ण |
| 6 | कर्णम मल्लेश्वरी फाउंडेशन | जगाधरी , यमुनानगर, हरियाणा | राष्ट्रीय भारोत्तोलन और पावरलिफ्टिंग उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण तथा कोचिंग केंद्र की स्थापना | अवसंरचना | पूर्ण |
| 7 | अंजू बॉबी स्पोर्ट्स फाउंडेशन | कांबीपुरा, बेंगलुरु कर्नाटक | अवसंरचना विकास | अवसंरचना | पूर्ण |
| 8 | गगन नारंग स्पोर्ट्स फाउंडेशन | पुणे, महाराष्ट्र | उपकरणों की खरीद | उपकरण | पूर्ण |
| 9 | योगेश्वर दत्त स्पोर्ट्स एंड एजुकेशन ट्रस्ट | रोहतक, हरियाणा | कुश्ती हॉल का निर्माण | अवसंरचना | प्रक्रियाधीन |
| 10 | रोहन बोपन्ना टेनिस डेवलपमेंट फाउंडेशन | बैंगलोर, कर्नाटक | रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी में भारतीय टेनिस विकास परियोजना | अवसंरचना | प्रक्रियाधीन |

*****